# श्याम नाम जपू | By Neha Sai

मैं श्याम नाम जपू जग जानता
श्याम बिना दिल नहीं लगता
कभी चाँद तो कभी सूरज सा
सांवरे का मुखड़ा चमकता

पता नहीं जी कैसा वो श्रृंगार करता है
देखने को मुखड़ा बार बार करता है
छुप छुप के देखूं तुझको वो दिन चले गए
श्याम ही नज़रों के दिल के पास रहता है
शयम सपनो में भी तेरे रहूं मैं खोई
जानती हूँ मैं तेरे जैसा और ना कोई
कड़ी हूँ आज तेरे दरबार पे
जाने को दिल नहीं करता

हारे का सहारा लखदातार कहलाता है
डूबी हुई नैया सबकी पार लगाता है
रखदे जिसके सर पर अपनी मोरछड़ी
पल में किस्मत उसकी श्याम संवार देता है
क्या से क्या पल में करदे ये जाने ना कोई
तेरा दिया सब खाते हैं जाने हर कोई
तेरी लीला हर कोई ना जानता
साथ तू तो डर नहीं लगता

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a5%82-by-neha-sai/